रांची, वरीय संवाददाता। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णानगर कॉलोनी में शुक्रवार को श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी गुरु पर्व मनाया गया। इस उपलक्ष्य में सुबह आठ से 9.15 बजे तक विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरुआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल के शबद गायन से हुई। इसके बाद हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने तिलक जंझू राखा प्रभु ताका कीनो बडो कलू महि साका.... और मैं गरीब मैं मसकीन तेरा नाम है आधारा... जैसे कई शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया।

गुरुद्वारा के हेड ग्रंथ ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथा वाचन करते हुए श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि औरंगजेब के शासनकाल में जबरन हिंदूओं का धर्म परिवर्तन किया जा रहा था।

श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकूमनामा और कढ़ाह प्रशाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति सुबह 9.15 बजे हुई। दीवान में द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, चरणजीत मुंजाल, मनीष मिढ़ा, हरगोविंद सिंह, अनूप गिरधर, हरीश मिढ़ा, मोहन काठपाल, अशोक गेरा, रमेश पपनेजा, इंदर मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, रमेश गिरधर, सागर थरेजा मौजूद थे।

# स्वामी कृष्णदास को रिहा करे बांग्लादेश सरकार

मांग

- हिन्दुओं के अधिकारों को दबाने का प्रयास है
- कृष्णदास की बिना शर्त रिहाई सुनिश्चित हो

रांची, वरीय संवाददाता। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए कानूनी रूप से आंदोलन करने वाले इस्कॉन के स्वामी चिन्मय कृष्णदास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी की हिंदू राष्ट्र समन्वय समिति ने कड़ी निंदा की है। समिति ने कहा कि यह गिरफ्तारी अल्पसंख्यक हिन्दुओं के अधिकारों को दबाने का प्रयास है। समिति ने शुक्रवार को उपायुक्त रांची को ज्ञापन देकर मांग की कि भारत सरकार तुरंत हस्तक्षेप कर स्वामी चिन्मय कृष्णदास ब्रह्मचारी की बिना शर्त रिहाई सुनिश्चित करे।

ज्ञापन देनेवालों में रेणु अग्रवाल, प्रांत परियोजना प्रमुख विश्व हिंदू परिषद, प्रभु लाल पटेल, कोषाध्यक्ष रांची पटेल समाज, लेखिका एवं रांची सिटीजन फोरम की उपाध्यक्ष डा रेणुका तिवारी, विजय गुप्ता, प्रांतीय प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रेवती रमण प्रसाद, आशीष भादुरी और हिन्दू जनजागृति समिति की पूजा चौहान समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

शहर 30s



ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से शुक्रवार को श्रीकृष्ण प्रणामी सभागार में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में ब्रह्माकुमार रूपेश, ब्रह्माकुमारी गीता बहन व अन्य।

## 'आध्यात्मिक विरासत लुप्त होती जा रही है'

रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, हरमू रोड के तत्वावधान में मुख्यालय माउन्ट आबू से योगीराज ब्रह्माकुमार सूरज भाई के रांची आगमन पर आध्यात्मिक कार्यक्रम 'करो तपस्या मिटे समस्या हो समाधान' का आयोजन श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर, पुंदाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमार रूपेश एवं ब्रह्माकुमारी गीता बहन भी पहुंचीं। आध्यात्मिक विरासत पर चर्चा की गई। इसे लुप्त होने से बचाने के लिए जन जागरण की आवश्यकता बताई गई।

## हनुमान चालीसा पाठ कर मनाया शौर्य दिवस

रांची। सनातनी समाज के लोगों ने शौर्य दिवस पर शुक्रवार को प्राचीन हनुमान मंदिर, कोकर में सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्रीराम लला की आरती के दौरान घंटे-घड़ियाल बजाए गए। समाजसेवी तुषार विजयवर्गीय ने श्रीराम जन्मभूमि और इसके संघर्ष पर बात की। कहा, हजारों बलिदान के बाद रामराज्य की कल्पना में हिंदू शौर्य दिवस की गाथा को गा रहे हैं। सभी रामभक्तों के योगदान को याद किया गया। बड़ी संख्या में रामभक्त कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## कोल विद्रोह दिवस पर कार्यक्रम 11 को होगा

रांची। आदिवासी महासभा की ओर से 11 दिसम्बर को करमटोली, धुमकुड़िया भवन में कोल विद्रोह दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर वीर योद्धाओं के संघर्ष को याद किया जाएगा और श्रद्धांजलि दी जाएगी। आयोजन को लेकर शुक्रवार को संगठन की संयोजक देवकुमार धान की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में फूलचंद तिर्की, बलकू उरांव, संजय तिर्की, नारायण उरांव शामिल हुए।

## आदिवासी युवा महोत्सव 14 को, तैयारी शुरू

रांची। रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में 14 और 15 दिसंबर को आदिवासी युवा महोत्सव का आयोजन होगा। आयोजन समिति का गठन किया गया है। अध्यक्ष जिला परिषद नामकुम पूर्वी बिपिन टोप्पो को और कार्यकारी अध्यक्ष शशि पन्ना को बनाया गया है। बताया गया कि इवेंट की ब्रांड एंबेसेडर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की हैं। वहीं, इस साल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को मुख्य अतिथि बनाने का प्रस्ताव रखा गया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धिपत्र /सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–19/2024–25 ,PR संख्या–331730 Building (24-25)D द्वारा प्रकाशित निविदा ग्रुप सं0–01 कार्य का नाम– Renovation work for Primary School, Huduwa, Block- Barka gaon, Hazaribag को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 341363 Building(24-25).D



**JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD**
TOWNSHIP ADMINISTRATION BUILDING, HEC COMPLEX, DHURWA, RANCHI 834004
Telephone: 0651-2400850 (Fax)/ 2400851/2400852/2401847/2400979/2400139

**Tender Cancellation Notice**

Tender for supply, installation and commissioning of Real Time Ambient Noise Monitoring System at 06 different locations of Jharkhand invited by Jharkhand State Pollution Control Board vide PR no 331163 dated 30.07.2024 stands cancelled.

This issues with the approval of the competent authority.

Sd/-
(Rajeev Lochan Bakshi)
Member Secretary.

PR 341397 Jharkhand State Pollution Control Board(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा**
**(E -MAIL ID – midloh632@gamil.com)**

पत्रांक ................../ लोहरदगा, दिनांक................../

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक — 788 दिनांक — 04.12.2024 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/01 DB/SLI/2024-25 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 341136 Lohardaga(2024-25).D द्वारा प्रकाशित है को इस प्रकार पढ़ा जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of work | Construction of Jogna Solar L.I Scheme at Vill – Jogna, Block – Senha, Distt. – Lohardaga. |

अन्य शर्ते यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 341394 (Lohardaga)24-25*D


# मांग: एफएमसीजी उत्पाद पर जीएसटी 12% हो

- जेसीपीडीए ने जीएसटी काउंसिल से की है मांग
- 75 फीसद राजस्व रोजमर्रा की वस्तुओं से आ रहा

रांची, संवाददाता। झारखंड कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (जेसीपीडीए) ने जीएसटी काउंसिल की प्रस्तावित बैठक में एफएमसीजी प्रोडक्ट्स पर प्रभावी जीएसटी दर 18% को 12% करने की मांग की। जेसीपीडीए ने कहा कि जीएसटी संग्रह का 75% राजस्व उपभोक्ताओं के रोजमर्रा के उपयोग से जुड़ी वस्तुओं पर एकत्र किया जाता है। ऐसे में जीएसटी दर को कम करने से ग्राहकों को महंगाई से बड़ी राहत मिलेगी।

जेसीपीडीए के अध्यक्ष संदय अखौरी ने जीएसटी की खामियों का उल्लेख करते हुए बताया कि जीएसटी में ई-इनवायसिंग लागू होने के बाद भी डीलरों को ई-वे बिल बनाने की बाध्यता है। ऐसे में इससे छुटकारा देना चाहिए। यह भी कहा कि जीएसटी में एमनेस्टी स्कीम की घोषणा की गयी है, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया है। पोर्टल में इसकी सुविधा जल्द शुरू की जानी चाहिए।

## आनंद- ज्ञान से निर्देशित हो जीवन

रांची। जैन मंदिर में शुक्रवार को बालयोगी वाणी भूषण आचार्य शीतल सागर महाराज और तीर्थ सागरजी महाराज ससंघ ने श्रद्धालुओं के बीच प्रवचन दिया। मुनिश्री ने कहा- जीवन संगीत, सौंदर्य और आनंदपूर्ण है। जिनके पास जीवन दृष्टि है, उनका जीवन सौंदर्यपूर्ण है। जिनके अंतःकरण खुले हुए हैं, उनका जीवन संगीतपूर्ण है। जिनके हृदय में दया, करुणा, संवेदना, वात्सल्य की सुगंध है उनका जीवन आनंदपूर्ण है। वहीं, जिनके जीवन में दुःख, शोरगुल, कुरूपता है, वह निराशावादी हैं। इस मौके पर काफी लोग मौजूद थे।

## मंदिरों में श्रीराम और जानकी की हुई पूजा

रांची। राजधानी में सनातन धर्मावलंबियों ने शुक्रवार को विवाह पंचमी पर भगवान श्रीराम और माता जानकी की पूजा की। मंदिरों में विशेष अनुष्ठान हुए। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर तिरुपति बालाजी मंदिर, रातू रोड में सर्वार्थ सिद्धि योग में पूजा हुई। दूध-दही, हरिद्राचूर्ण, चंदन, शहद, डाभयुक्त जल और गंगाजल से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाभिषेक हुआ। भगवान दंपति के सभी विग्रहों को वस्त्राभूषण से अलंकृत कर भव्य श्रृंगार निवेदन हुआ। नक्षत्र कुंभ और कर्पूर से महाआरती की गई। पोंगल, खीर, फल और मेवा का बाल भोग नैवेद्य लगाया गया।

# क्रिसमस पर 1.5 करोड़ के केक बिकने की उम्मीद

मेरी क्रिसमस



रांची, संवाददाता। क्रिसमस पर इसबार राजधानी में 1.5 करोड़ रुपए से ज्यादा बेकरी और केक के कारोबार की उम्मीद है। इस व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों के अनुसार पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष करीब 10-12 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान है। बताया कि क्रिसमस पर स्पेशल केक की डिमांड रहती है।

यह ड्राई केक होता है, इसकी लाइफ सात से आठ दिन की होती है। वहीं, इस खास मौके पर दो किस्म के केक की सबसे अधिक डिमांड होती है। इसमें पहला पल्म और दूसरा क्रिसमस केक है। पल्म केक की डिमांड सबसे अधिक होती है। कारोबारियों का कहना है कि 15 से क्रिसमस के लए प्री बुकिंग शुरू हो जाती है।

वहीं, 24 और 25 को सबसे अधिक केक की बिक्री होती है। इस दौरान सेंटा क्लोज केक, क्रिसमस ट्री शेप और डिजाइनर केक की सबसे अधिक मांग रहती है। कारोबारियों के अनुसार इस बार क्रिसमस पर रांची में करीब 50 हजार पाउंड से अधिक केक की बिक्री की उम्मीद है। रांची में फिलहाल छोटे-बड़े मिलाकर 500 केक एंड बेकरी शॉप हैं। वहीं, क्रिसमस पर सिर्फ दो दिनों में इन प्रतिष्ठानों में औसतन 80 पाउंड केक की बिक्री होने की उम्मीद है। इस हिसाब से कुल 40 हजार पाउंड केक बिकेंगे।

इसके अलावा क्रिसमस के पूरे सप्ताह को अगर मिलाया जाए तो कुल 50 हजार पाउंड केक बिकेंगे। जिसकी औसत कीमत 300 रुपए प्रति पाउंड होगी। इस हिसाब से रांची में करीब 1.5 करोड़ से अधिक के केक बिकेंगे।


**झारखण्ड सरकार**
**अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा**
**गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**ई0–निविदा सूचना**
**(अति अल्पकालीन निविदा)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, सिमडेगा। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, चीनी एवं दुध आदि के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0निविदा का आमत्रण। प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.01.2025 से 31.03.2025 तक |
| 3. | निविदा प्रपत्र मूल्य (Non refundable) online स्वीकार की जायेगी। | ₹5000.00(पाँच हजार) मात्र(त्रैमासिक एवं वार्षिक अवधि हेतु अलग– अलग) |
| 4. | Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि–09.12.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 20.12.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि–09.12.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 20.12.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample)जमा करने की तिथि | तिथि–20.12.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/- से अधीक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि–20.12.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि– 21.12.2024 को मध्याह्न 12.00 बजे मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता, सिमडेगा की उपस्थिति में। |

नोटः– 1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त /स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Hepline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

–ह0–
प्रभारी अधीक्षक,
मंडल कारा, सिमडेगा।

PR.NO.341343 Simdega(24-25):D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR**
**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/MEDININAGAR/ B.D./S.L.I.-03/2024-25**
**Letter no:- 648Date:- 05.12.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of ChhatapurSolar Lift Irrigation Scheme |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,09,9 4 ,7 00=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00**only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,10,000=00**only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publicationof Tenderon website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 23 .12.2024, Time - 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submissionof Tender on Website | Date: - 03.01.2025, Time :- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 23 .12.2024, Time - 4.00 PM Last Date:- 03.01 .202 5, Time :- 3. 00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: - 04.01 .202 5, Time :-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Medininagar |
| 12 | Contact No. of Procurement Officere-mail of Procurement Officer | 06562 - 240100 eemidmed - cemr - jhr@gmail.com |
| 13 | Help line No. of Procurement Cell | 0651 - 2214784 |

**Note:-**
➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work. **Only e-Tender will be accepted.** Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Medininagar**

PR 341352 Minor Irrigation(24-25)D



POWERLINKS TRANSMISSION LIMITED
(A Joint Venture of TATA Power & Powergrid)
**पंजीकृत कार्यालयः** पावरलिंक्स ट्रांसमिशन लिमिटेड, 10वीं मंजिल, डीएलएफ टावर ए, जिला केन्द्र जसोला, नई दिल्ली-110025

**सार्वजनिक सूचना**

वित्त वर्ष 2024-29 की नियंत्रण अवधि के लिए प्रस्तावित वार्षिक ट्रांसमिशन शुल्कों के अनुमोदन और वित्त वर्ष 2019-24 के लिए वार्षिक ट्रांसमिशन शुल्कों के टूइंग-अप के लिए केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (कारोबार का संचालन) विनियमावली 2023 के विनियम 23 के खंड (7) के अनुपालन में, पावरलिंक्स ट्रांसमिशन लिमिटेड ("याचिकाकर्ता") की याचिका पर सुझाव/आपत्तियां आमंत्रण सूचना।

1. याचिकाकर्ता ने टाटा हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट से जुड़े, संयुक्त ट्रांसमिशन सिस्टम के लिए, जिसमें निम्न शामिल हैं, के लिए सीईआरसी (टैरिफ की नियम व शर्तें) विनियमावली 2024 के तहत वित्त वर्ष 2024-29 की अवधि के लिए वार्षिक ट्रांसमिशन शुल्कों के अनुमोदन हेतु टैरिफ के निर्धारण के लिए और सीईआरसी (टैरिफ की नियम व शर्तें) विनियमावली 2019 साथ में पठित सीईआरसी (व्यवसाय का संचालन) विनियमावली 2023 के विनियम 23 और विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 79 के तहत वित्त वर्ष 2019-24 के लिए टैरिफ के टूइंग-अप हेतु माननीय केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली (माननीय आयोग) के समक्ष एक याचिका दायर की हैः
(i) पूर्वी क्षेत्र में, 400 केवी डबल सर्किट सिलीगुड़ी-पूर्णिया ट्रांसमिशन लाइन, 400 केवी डबल सर्किट पूर्णिया- मुजफ्फरपुर ट्रांसमिशन लाइन और 220 केवी डबल सर्किट मुजफ्फरपुर (पीजीसीआईएल) - मुजफ्फरपुर (बीएसईबी) ट्रांसमिशन लाइन;
(ii) पूर्वी-उत्तरी अंतर-क्षेत्र में 400 केवी डबल सर्किट मुजफ्फरपुर-गोरखपुर ट्रांसमिशन लाइन; और
(iii) उत्तरी क्षेत्र में 400 केवी डबल सर्किट गोरखपुर-लखनऊ ट्रांसमिशन लाइन और 400 केवी डबल सर्किट बरेली–मंडोला ट्रांसमिशन लाइन
2. ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैंः
(ए) पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(बी) राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड
(सी) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
(डी) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
(ई) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
(एफ) पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड
(जी) हरियाणा पावर परचेज सेंटर
(एच) उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड
(आई) पावर डेवलपमेंट डिपार्टमेंट (जम्मू और कश्मीर)
(जे) दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड,
(के) हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड,
(एल) चंडीगढ़ प्रशासन,
(एम) उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड,
(एन) उत्तरी मध्य रेलवे,
(ओ) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड,
(पी) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड,
(क्यू) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड,
(आर) नई दिल्ली नगरपलिका परिषद,
(एस) बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड
(टी) पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड
(यू) उड़ीसा ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(वी) झारखंड राज्य विद्युत बोर्ड
(डब्ल्यू) दामोदर घाटी निगम
(एक्स) विद्युत विभाग (सिक्किम सरकार)
3. **ट्रांसमिशन लाइन की लंबाई**
क. सिलीगुड़ी-पूर्णिया : 320 सर्किट–किमी
ख. पूर्णिया-मुजफ्फरपुर : 478 सर्किट–किमी
ग. मुजफ्फरपुर-मुजफ्फरपुर : 48 सर्किट–किमी
घ. मुजफ्फरपुर-गोरखपुर : 520 सर्किट–किमी
ङ. गोरखपुर-लखनऊ : 492 सर्किट–किमी
च. बरेली-मंडोला : 472 सर्किट–किमी
4. परियोजना की अनुमोदित संयुक्त पूंजी लागत (इसमें विशेष उपकरण, स्थापना, आकस्मिकताएं और आईडीसी की आबंटित लागत शामिल है): रु. 161178 लाख
पूंजी लागत को मंजूरी देने वाला प्राधिकरणः विद्युत मंत्रालय
5. वाणिज्यिक संचालन की निर्धारित तिथिः 01.07.2006
6. वाणिज्यिक संचालन की वास्तविक तिथिः 01.09.2006
7. वाणिज्यिक संचालन की तिथि पर संयुक्त पूंजी लागतः रु. 140780 लाख
8. टैरिफ का विवरणः

| ट्रांसमिशन सिस्टम का नाम | टूइंग-अप के लिए वर्ष-वार ट्रांसमिशन शुल्क (लाख रुपये में) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| संयुक्त परिसंपत्ति | 15289.55 | 15179.07 | 13887.70 | 13804.80 | 13758.95 |
| | प्रस्तावित वर्ष-वार ट्रांसमिशन शुल्क (लाख रुपये में) | | | | |
| | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
| | 13652.38 | 14226.27 | 15383.48 | 16165.89 | 16333.38 |

9. टैरिफ के निर्धारण के लिए दायर याचिका की एक प्रति, याचिकाकर्ता की वेबसाइट पर इस यूआरएल के साथ पोस्ट की गई है जैसे https://powerlinks.co.in/doc/Petition%20%20Tariff%20for%20FY%202024%20-%2029.pdf
10. याचिका में निहित टैरिफ के निर्धारण हेतु प्रस्ताव पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, लाभार्थी(यों) सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा माननीय आयोग के ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से याचिकाकर्ता को एक प्रति के साथ (ई-मेलः pankaj.prakash@tatapower.com) इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अंदर दायर की जा सकती हैं।।

स्थानः नोएडा
दिनांकः 07.12.2024

श्री अविनाश चंद्र धवन
मुख्य वित्त अधिकारी- पावरलिंक्स ट्रांसमिशन लि.



**Kalyan Singh Super Specialty Cancer Institute**
**C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002**
(An Autonomous Institute of the Govt. of Uttar Pradesh)
Email: office.sscih@gmail.com

**CORRIGENDUM**

Reference to GeM Bid Number: **GEM/2024/B/5599033 dated 12/11/2024**
**"CAMROC Of Complete Firefighting system"**

| S.No | Specification | Read as |
|---|---|---|
| 1 | Page 9 (GeM Bid Document)- **SCOPE OF WORK** This includes comprehensive annual maintenance, repair and operation for complete fire-fighting system which comprises of "Honeywell-Notifier" make Addressable Type Fire Alarm System, Fire Detection system, Fire hydrant system. Internal Hydrant system, Sprinkler System. Ex-flame make fire-fighting system including its controlling station, Master Control panel, main control panels, sub-control panels, smoke extraction system, hooters, Fire-Pump-houses, pipes, valves. flanges, hose-pipe/reel, fire extinguishers **(Excluding only filling of fire extinguishers)** etc. as installed at different identified locations/ places at the Institute premises. | This includes comprehensive annual maintenance, repair and operation for complete fire-fighting system which comprises of "Honeywell- Notifier" make Addressable Type Fire Alarm System, Fire Detection system, Fire hydrant system, Internal Hydrant system, Sprinkler System. Ex-flame make fire-fighting system including its controlling station, Master Control panel, main control panels, sub-control panels, smoke extraction system, hooters, Fire-Pump-houses, pipes, valves, flanges, hose-pipe/reel, fire extinguishers **(Including filling of fire extinguishers)** etc. as installed at different identified locations/ places at the Institute premises |

Advt. No. KSSSCI/PRO-16/2024-25 DIRECTOR



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR**
**e-Procurement Tender Notice, Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-01/2024-25**
**Letter no:- 646Date:-05.12.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Jhari Solar Lift Irrigation Scheme |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,09,99,500=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00** only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,10,000=00** only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 23.12.2024, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 03.01.2025, Time:- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 23.12.2024, Time- 4.00 PM Last Date:- 03.01.2025, Time:- 3.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 04.01.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Medininagar |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@gmail.com |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

Note:- • Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps (**DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
• **Only e-Tender will be accepted.** Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 341354 Minor Irrigation(24-25)#D

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Medininagar**

# मुझसे महापौर बोले, दावा है पूरा होगा वादा-दमकेगी काया




■ अरविन्द मिश्र

■ शहर के मुखिया से मिलने निकला तो जाम ने जकड़ लिया

■ टेलीफोन पर हुई बातचीत को आप लोग भी जान लीजिए


दुर्गाकुंड में फैली गंदगी।

वाराणसी। अखिरकार वो पंद्रह दिन भी बीत ही गए। इस 'महापौरीय पखवाड़े' की शुरुआत के वो सात दिन। नगर निगम की उदासीनता देखकर तो मैं भी धैर्य छोड़ने ही लगा था। गनीमत है महापौर अशोक तिवारी की बातों की लाज रखते हुए नगर निगम ने मेरे जीर्णोद्धार की शुरुआत कर दी। मैंने सोचा महापौर द्वारा तय पखवाड़ा बीतने के बाद मैं स्वयं एक बार उनसे मुलाकात कर लूं। देखूं आखिर क्या कहते हैं हमारे महापौर।

मैं उनसे मिलने निकलने ही वाला था कि पहले तो मुख्यमार्ग के जबरदस्त जाम ने रास्ता रोक लिया। उसी जाम में फंसे दुर्ग विनायक मंदिर के प्रबंधक को यह कहते सुना कि कुछ घंटों बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आने वाले हैं। महापौर उनकी तैयारियों में व्यस्त हैं। अपने काम में दोहरी बाधा देख मैंने जाने का इरादा छोड़ दिया। हिन्दुस्तान समाचार पत्र के एक संवाददाता के रूप में मैंने उन्हें फोन ही लगा दिया। फोन रिसीव होते ही बिना लाग-लपेट के अपनी बात शुरू कर दी।

मेरा जिक्र छिड़ते ही महापौर ने पूछा आप संवाददाता ही है न! कहीं दुर्गाकुंड तो नहीं? मैंने कहा बिल्कुल ठीक समझा है आप ने। मैं दुर्गाकुंड ही हूं। आप से बड़ी विनम्रता से पूछ रहा हूं 'क्या हुआ तेरा वादा...! वो कसम...! वो इरादा...!' तब महापौर बोले मुझे मेरा वादा याद है और दावा करता हूं कि पूरा भी होगा। रही कसम की बात तो कसम तो मैंने खाई नहीं थी लेकिन दृढ़ निश्चय अवश्य किया है कि वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री ने जैसा आप को देखा था फिर से वैसे ही आप का अलंकरण करवा के रहूंगा। मेरा इरादा अब भी बदला नहीं है।

मैंने पूछा नगर निगम इतना सुस्त क्यों है तो कहा- अब निगम की कार्यशैली पर मुझसे कुछ बोलवाइए नहीं। दुर्गाकुंडजी मैं आप को विश्वास दिलाता हूं कि अब काम शुरू हो चुका है तो पूरा कराके ही दम लूंगा। पानी निकाला ही जा रहा है। स्थाई रूप से जल शोधन के लिए केंद्र सरकार के स्तर पर पहल हो चुकी है। मैं वीडीए और नेडा को भी कहता हूं कि जल्द ही वे अपने-अपने हिस्से की लाइटें दुरुस्त करा लें। मैं इसका भी पता लगवाऊंगा कि आखिर नगर निगम के आलोक विभाग ने अपने हिस्से की लाइटें ठीक करते समय स्थाई वायरिंग का उपयोग क्यों नहीं किया।

## साहूपुरी औद्योगिक क्षेत्र बनाने की मांग

वाराणसी। लघु उद्योग भारती काशी प्रांत के उद्यमियों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से लखनऊ में मुलाकात की। चंदौली के साहूपुरी में खाली पड़ी हरि फर्टिलाइजर की 331 एकड़ जमीन पर नया औद्योगिक क्षेत्र बनाने, औद्योगिक आस्थान चांदपुर में फ्लैटेड कारखानों का निर्माण कराने समेत अन्य मांगों से संबंधी ज्ञापन सौंपा। संगठन के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कहा कि मुख्य सचिव से पिंडरा में प्रस्तावित टूल रूम के पास खाली जमीन पर मिनी औद्योगिक आस्थान बनाने की मांग की गई है। इस दौरान उपाध्यक्ष बृजेश गुप्ता अविनाश वर्मा, सत्येंद्र सिंह, भूपेंद्र उमराव आदि मौजूद रहे।

## शहर 30s

### तीन बीज केंद्रों को नोटिस जारी किया

वाराणसी। सीडीओ हिमांशु नागपाल के निर्देशन में कृषि विभाग की अलग-अलग टीमों ने शुक्रवार को छापेमारी की। टीम ने सदर और पिंडरा तहसील अंतर्गत 37 बिक्री केंद्रों की जांच की। अभिलेख प्रस्तुत न करने पर मेसर्स खाद बीज कृषि रक्षा केंद्र बड़ालालपुर, किसान बीज घर भूसौला और मेसर्स किसान एग्रो खाद बीज दवा कम्पनी मोहांव को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

### अश्विनी वैष्णव से पहले आएंगे रेलवे बोर्ड चेयरमैन

वाराणसी। प्रयागराज में 8 दिसम्बर को प्रस्तावित रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के निरीक्षण से पहले रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ सतीश कुमार आएंगे। रेलमंत्री के आगमन के दौरान चेयरमैन मौजूद रहेंगे। वह शनिवार की रात 12.05 बजे चौरीचौरा एक्सप्रेस से कैंट पहुंचेंगे। अगले दिन रविवार को यहां विकास कार्यों का जायजा लेंगे। इस दौरान उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारी भी रहेंगे।

### पुरानी मोटर देख ग्रामीणों ने किया विरोध-प्रदर्शन

पिंडरा। पिंडरा विकास खण्ड के लोकापुर (जमापुर) में स्थापित नलकूप में लगाने के लिए भेजे गए पुरानी मोटर को देख ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। विरोध को देखते हुए कर्मचारी मोटर लेकर बैरंग लौट गए। ग्रामीणों ने बताया कि नलकूप का मोटर दो माह से जला पड़ा है। इसके पूर्व तीन मोटर आये लेकिन नही चल पाए। शुक्रवार को भी पुरानी मोटर लेकर विभाग के कर्मचारी पहुंच गए। ग्राम प्रधान विनोद पटेल के नेतृत्व में मौके पर पहुंचे ग्रामीण प्रदर्शन करने लगे।

### धान खरीद की गति बढ़ाने की जरूरत: एमडी

वाराणसी। नोडल अधिकारी और यूपीसीयू (लखनऊ) के प्रबंध निदेशक (एमडी) श्रीकांत गोस्वामी ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में धान खरीद की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खरीद की गति बढ़ाने की जरूरत है। प्रबंध निदेशक ने प्रत्येक जिले में जेडब्ल्यूसी की बैठक कराने, सहकार से समृद्धि योजना के तहत नए बी-पैक्स के गठन आदि का निर्देश दिए।

### वाराणसी पुलिस शिकायत निस्तारण में अव्वल

वाराणसी। आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस लगातार चौथी बार प्रदेश में अव्वल रही। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण में पूरे 30 अंक, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में पूरे 50 अंक, मुख्यमंत्री कार्यालय से लिए गए फीडबैक में पूरे 45 अंक मिले हैं। शतप्रतिशत 125 अंक मिले।

### 8.38 लाख के गहनों का भुगतान नहीं, केस

वाराणसी। लक्ष्मणपुरा निवासी सर्राफ रितेश सेठ की तहरीर पर दशाश्वमेध थाने में रेवड़ी तालाब निवासी हाजी खुर्शीद, उनके बेटों अरसद, तहसीन, सलीम और पत्नी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रितेश सेठ ने बताया कि परिवार के साथ उनका अच्छा रिश्ता था। कई वर्षों से उनकी दुकान से आभूषण खरीदते थे। बीते साल 8.38 लाख रुपये के गहने उधार लेकर पैसे नहीं लौटाए।

### प्रेमिका की शादी के बाद गंगा में कूदा बीएचयू छात्र

वाराणसी। बीएचयू का छात्र शुक्रवार को राजघाट पुल से गंगा में कूद गया। मल्लाहों ने उसे बचाया और आदमपुर पुलिस को सूचना दी। संत कबीरनगर निवासी छात्र ने बताया कि उसकी प्रेमिका की शादी हो गई। इसके बाद से तनाव में था। पुलिस की सूचना पर परिजन पहुंचे। युवक मंडलीय अस्पताल में भर्ती है।

### कॉलेज में मनबढ़ ने छात्रा का हाथ पकड़ खींचा

बड़ागांव। थाना क्षेत्र के एक गांव की इंजीनियरिंग की छात्रा ने छेड़खानी और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि गांव का युवक आये दिन परेशान करता है, छेड़छाड़ करता है। गुरुवार को वह अपने कॉलेज थी, युवक वहां पहुंच गया। कॉलेज के अंदर से हाथ पकड़ कर खींचते हुए बाहर ले जाने लगा। इस दौरान धमकी भी दे रहा था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## यूपी कॉलेज परिसर स्थित मस्जिद के पास हनुमान चालीसा पढ़ने जा रहे छात्रों को बाहर ही रोका गया, पुलिस से धक्कामुक्की

# छात्रों का उग्र प्रदर्शन, पुलिस ने फटकारीं लाठियां

वाराणसी, हिन्दुस्तान टीम। यूपी कॉलेज परिसर स्थित मजार और मस्जिद को लेकर चल रहे विरोध के बीच शुक्रवार को पूर्व छात्र ध्वजा लेकर हनुमान चालीसा पढ़ने परिसर की ओर बढ़े, जिन्हें गेट से 100 मीटर दूर रोक दिया गया। पुलिस और छात्रों के बीच आधे घंटे तक धक्कामुक्की चली। इसके बाद पुलिस ने लाठियां फटकारीं। कॉलेज परिसर, गेट और आसपास फोर्स तैनात कर दी गई है।

यूपी कॉलेज के पूर्व छात्रनेताओं और कुछ अधिवक्ताओं के नेतृत्व में छात्र जमा हुए। परिसर स्थित मस्जिद-मजार और गेट के अलावा आसपास पहले से पुलिस फोर्स तैनात थी। दोपहर करीब 12.30 बजे छात्र हनुमान ध्वजा लेकर कॉलेज परिसर की ओर बढ़े, जिन्हें करीब 100 मीटर दूर स्थित बैरिकेडिंग के पास ही पुलिस ने रोक दिया।

इस बीच दर्जनभर छात्रनेता पुलिस को धकेलते हुए गेट तक जा पहुंचे। बाकी प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग तोड़ते गेट की ओर जाने लगे, जिन्हें पुलिस ने लाठियां फटकार कर भगाया। मुख्य गेट बंद कर दिया गया। छात्रनेता वहीं नारेबाजी करने लगे। कुछ ही देर में और छात्र वहां पहुंच गये और नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने मशक्कत के बाद उन्हें हटाया। कुछ छात्रनेताओं को हिरासत में लेने का प्रयास किया गया।

**नहीं हुई नमाज, गहन चेकिंग के बाद प्रवेश:** शुक्रवार को नमाज नहीं हुई। कॉलेज गेट से गहन चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा था।


शुक्रवार को यूपी कॉलेज परिसर स्थित मस्जिद की ओर जा रहे छात्र नेताओं ने रोकने पर जमकर नारेबाजी की। ● हिन्दुस्तान

### पुलिस जीप पर चढ़कर नारेबाजी की

हिरासत में लेने के प्रयास के दौरान कुछ छात्रनेता पुलिस जीप पर चढ़ गये और नारेबजी करने लगे। किसी तरह सभी को उतारा गया। कुछ देर बाद प्रदर्शनकारी वापस चले गये। कॉलेज परिसर और गेट पर घंटेभर तक अफरातफरी की स्थिति रही। मौके पर अपर पुलिस आयुक्त एस. चन्नप्पा, एडीसीपी वरुणा जोन सरवणन टी, एसीपी कैंट विदुष सक्सेना, एसीपी रोहनिया संजीव शर्मा कई थानों की फौर्स के साथ मौजूद रहे।

### छात्रों का दावा, निकाला गया था सहयोग मार्च

यूपी कॉलेज के छात्रनेता और युवा परिषद के प्रदेश प्रमुख विवेकानंद सिंह, सुधीर सिंह का कहना है कि शुक्रवार को छात्रों ने केवल सहयोग मार्च निकाला और प्रशासन से सहयोग की पेशकश की थी। छात्रों ने प्रदर्शन नहीं किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने कॉलेज के अंदर जाने को मना किया तो इसे मान लिया गया। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ सभी वापस लौट गए।

### राजर्षि प्रतिमा के पास हनुमान चालीसा पाठ

पुलिस ने छात्रों को गेट से अंदर नहीं जाने दिया। झड़प के बाद छात्र वापस हुए। भोजूबीर स्थित राजर्षि प्रतिमा के सामने हनुमान चालीसा का पाठ किया।

**बंद रहीं दुकानें, दुकानदार रहे मायूस:** प्रदर्शन के बाद यूपी कॉलेज गेट से भोजूबीर मुख्य मार्ग तक दोनों पटरियों की दुकानें बंद रहीं। दुकानदार खुद ही दुकानें बंद कर दिये थे, वे मायूस भी थे।

**शांतिपूर्ण तरीके से चलीं परीक्षाएं:** यूपी कॉलेज में शुक्रवार को विरोध के बीच अंदर परिसर में परीक्षाएं हुईं।


कॉलेज परिसर में प्रवेश से पूर्व वाहनों की सघन तलाशी ली गई। ● हिन्दुस्तान


यूपी कॉलेज में बवाल के गिरफ्तार आरोपी मुख्तार अहमद अंसारी, अफरोज, आदिल खान और फिरोज।

### सौहार्द बिगाड़ने के चार आरोपी गिरफ्तार

वाराणसी। यूपी कॉलेज में मजार और मस्जिद के मुद्दे पर सोशल मीडिया पर बयानबाजी कर सौहार्द बिगाड़ने के आरोपी मुख्तार अहमद अंसारी समेत चुप्पेपुर निवासी अफरोज, आदिल खान और फिरोज को शिवपुर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी वरुणा जोन चंद्रकांत मीणा ने बताया कि मुख्तार अहमद को लोहता से पकड़ा गया है। जबकि एक अन्य आरोपी भोजूबीर के गुलाम रसूल की तलाश की जा रही है। बता दें कि यूपी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह की तहरीर पर गुरुवार को शिवपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# ज्ञानवापी समेत धार्मिक स्थलों पर कड़ी चौकसी

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। संभल में बवाल और 6 दिसंबर के मद्देनजर शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान जिले में अलर्ट रहा। अति संवेदनशील ज्ञानवापी मस्जिद समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। नमाज खत्म होने के बाद ही फोर्स हटाई गई। संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा।

ज्ञानवापी पर सुबह 10 बजे से ही फोर्स लगा दी गई थी। पुलिस, पीएसी, आरएएफ, एटीएस कमांडो सुरक्षा में तैनात रहे। दोपहर की नमाज के लिए 12 बजे से नमाजी प्रवेश करते रहे। डेढ़ बजे तक ज्ञानवापी मस्जिद का परिसरभर गया था। पौने दो बजे नमाज शुरू हुई और ढाई बजे खत्म हुई। सुरक्षा के बीच नमाजी निकले। उधर, दालमंडी, नई सड़क, मदनपुरा, बजरडीहा, सरैया, नदेसर, लोहता आदि क्षेत्र में मस्जिदों, अन्य धार्मिक स्थलों के फोर्स तैनात रही।

**दालमंडी, नई सड़क समेत कई बाजार बंद रहे:** छह दिसंबर के मद्देनजर दालमंडी, नई सड़क, हड़हासराय, लोहता में कुछ इलाकों में बाजार बंद रहे। इस दौरान पुलिस तैनात रही।


शुक्रवार को दालमंडी की बंद दुकानें और सुरक्षा के मद्देनजर गश्त करते पुलिसकर्मी।

## हमारी मस्जिदों पर लगातार हो रहे दावे : मौलाना बातिन



वाराणसी, कार्यालय संवाददाता। मुफ्ती-ए-बनारस मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी ने कहा कि बाबरी मस्जिद का फैसला आस्था के आधार पर दिया गया था। बाबरी मस्जिद के बाद लगातार हमारी मस्जिदों पर दावा किया जा रहा है। यह मुसलमानों के हित के खिलाफ है। इस पर अंकुश लगान चाहिए।

ज्ञानवापी मस्जिद में शुक्रवार को जुमे की नमाज से पहले तकरीर में मौलाना बातिन ने कहा कि मुसलमानों को नमाज पढ़नी चाहिए। कुरआन की तिलावत करनी चाहिए। मस्जिद में नमाज बढ़ने का सवाब ज्यादा मिलता है। उन्होंने कहा कि आज के हालात से निजात के लिए अल्लाह पाक से दुआ करें।

# 2045 डॉक्टर कल करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

**आईएमए चुनाव**

वाराणसी, कार्यालय संवाददाता। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के चुनाव के लिए मतदान रविवार को होगा। लहुराबीर स्थित आईएमए परिसर में सुबह नौ से शाम पांच बजे तक वोट डालेंगे। इसके लिए शनिवार को बूथ तैयार हो जाएंगे। इस चुनाव में 163 उम्मीदवार मैदान में हैं। 2045 मतदाता वोट डालेंगे।

इस बार अध्यक्ष (इलेक्ट) और अध्यक्ष पद पर दो-दो प्रत्याशी यानी आमने-सामने टक्कर है। वहीं सचिव पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला है। एग्जीक्यूटिव काउंसिल के 21 पदों पर 46, स्टेट काउंसिल के 41 पद के लिए 54, सेंट्रल काउंसिल के 20 पद के लिए 32 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान के दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान भी तैनात रहेंगे। वहीं चुनाव में महज एक दिन शेष बचा है। ऐसे में प्रचार भी तेजी से चल रहा है।

# हर शख्स पर रहेगी 'तीसरी नजर'




वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में शनिवार को विरोध सभा होगी। पूर्वांचल-डिस्कॉम प्रबंधन ने भी इसपर पैनी नजर रखने की पूरी तैयारी की है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने वाले अभियंताओं और कर्मचारियों को सूचीबद्ध किया गया है।

इसके लिए पूर्वांचल के 21 जिलों से लिस्ट मांगी गई थी। बताया जाता है कि प्रबंधन के पास सूची पहुंच भी गई है। अभियंता संघ ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई है। संघ का आरोप है कि डिस्कॉम प्रबंधन मनमानी कर रहा है। वहीं, ऑडियो रिकार्डिंग वाले सीसीटीवी कैमरे से भी विरोध सभा में शामिल चेहरे पहचाने जाएंगे। उनकी बातें भी रिकॉर्ड होंगी। प्रबंधन के निर्देश पर भिखारीपुर हाइडिल कॉलोनी के पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगा दिये गए हैं। एमडी कार्यालय के प्रथम तल से मॉनीटिरिंग की जाएगी। इसके लिए कई अफसरों की टीम बनाई गई है। मुख्यद्वार एक हफ्ते पहले से बंद है।

### हाइडिल कॉलोनी में प्रवेश नहीं मिलने पर बाहर करेंगे सभा

सूत्रों से पता चला कि शनिवार को विरोध सभा के लिए हाइडिल कॉलोनी में प्रवेश नहीं मिलेगा। इसकी भनक अभियंता संघ को लग गई है। इस पर संघ ने ड्यूटी अवधि समाप्त होने के बाद शाम पांच बजे कॉलोनी के बाहर विरोध सभा करने का निर्णय लिया है। हालांकि, हाइडिल कॉलोनी में प्रवेश नहीं मिलने की चर्चा पर डिस्कॉम प्रबंधन के शीर्ष अफसर कुछ नहीं बोल रहे हैं।

### आउटसोर्सिंग कंपनी ने फिर दिया नोटिस

संविदा कर्मचारी उपलब्ध कराने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी लगातार संविदा कर्मचारियों को नोटिस भेजा रही है। शुक्रवार को प्राइमवन कंपनी ने नोटिस जारी कर आंदोलन में शामिल होने पर कर्मचारियों को बर्खास्त करने की चेतावनी दी है।

### अफसरों के वाहनों पर गेट पास चस्पा किया

बिजली विभाग के अफसरों के वाहनों पर गेट पास चस्पा कर दिये गए हैं। यह पास सिविल विभाग की ओर से जारी किये गए हैं।

**अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन दिवस**

# हवाई पट्टी से अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक का सफर

■ 1924 में हवाई-पट्टी बनी थी, तब अंग्रेज सैन्य अफसर आते-जाते थे

■ काशी के विकास के साथ आधुनिकता की चादर ओढ़ता गया हवाईअड्डा




वाराणसी, संवाददाता। काशी का लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डा पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुका है। यहां जापान और फ्रांस जैसे देशों के राष्ट्रपति उतर चुके हैं। शहर से हवाईअड्डा को जोड़ने वाला मार्ग अलग ही पहचान कायम कर चुका है। अब यह अंतरराष्ट्रीय दर्जा भी पा चुका है।

कभी यह महज एक हवाई पट्टी हुआ करता था। अंग्रेजी शासनकाल के दौरान 1924 में इसका निर्माण हुआ था। 1947 में देश को आजादी मिलने के साथ ही अन्य क्षेत्रों के साथ विमानन क्षेत्र का भी विकास शुरू हुआ। इसमें बाबतपुर की हवाई पट्टी भी थी। कालांतर में यहां टर्मिनल बिल्डिंग बनी। इसको पूर्व प्रधानमंत्री और काशी के लाल लाल बहादुर शास्त्री का नाम भी दिया गया। आज स्थिति यह है कि हजारों लोग रोज यहां से अपने सफर की शुरुआत करते हैं, या यहां सफर को विश्राम देते हैं। इनमें देश-विदेश के यात्री हैं। हवाई अड्डा के विकास में काशी के अध्यात्म और पर्यटन का बड़ा योगदान है।

वर्तमान में यहां पर प्रतिदिन 70-76 विमान संचालित हैं, 14-15 हजार यात्रियों का आवागन है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, अहमदाबाद, इंदौर, हैदराबाद के साथ ही शारजाह और नेपाल के लिए विमान सेवाएं हैं। कोरोना के बाद एयरपोर्ट पर यात्री कम हुए थे, लेकिन 2024 में संख्या बढ़ी। 2023 में यात्रियों की संख्या 27 लाख से ज्यादा थी। इस साल सितंबर में ही आकंड़ा 30 लाख के पार हो गया है।

**जब संस्कृत में कोरोना की गाइडलाइन प्रसारित हुई :** कोरोना काल के दौरान एयरपोर्ट पर नई पहल हुई। यहां पर कोरोना की गाइडलाइंस संस्कृत में प्रसारित की जा रही थीं। ऐसा करने वाला यह देश का पहला एयरपोर्ट रहा।

**2015 में सोलर इमपल्स-2 भी उतरा :** साल 2015 में विश्व भ्रमण कर रहा सोलर विमान इमपल्स-2 देश के कई एयरपोर्ट पर उतरा था। इसी साल अप्रैल में फाइटर सुखोई-30 भी वाराणसी एयरपोर्ट पर पहुंचा।

### विस्तारीकरण के बाद एक करोड़ की क्षमता होगी

वाराणसी एयरपोर्ट पर वर्तमान में सालाना 40 लाख यात्रियों के आने-जाने की क्षमता है। अभी एयरपोर्ट का विस्तार हो रहा है। 2870 करोड़ रुपये से एयरपोर्ट का विस्तार होगा। इसमें रन-वे की लंबाई और नई टर्मिनल बिल्डिंग का भी निर्माण होना है। विस्तारीकरण के बाद वाराणसी एयरोपोर्ट सालाना एक करोड़ यात्रियों की क्षमता वाला एयरपोर्ट बन जाएगा। यहां पर बोइंग विमान भी उतर सकेंगे।

### ऐसे चढ़ी विकास की सीढ़ी

- 1924 में हवाई-पट्टी
- 1953 में टर्मिनल बिल्डिंग
- 2005 में प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के नाम पर नामकरण
- 2018 में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा
- 2022 में डिजी यात्रा की शुरुआत

"वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। इसको देखते हुए सुविधाओं का भी विस्तार किया जा रहा है। एयरपोर्ट के विस्तार का काम शुरू हो गया। विस्तारीकरण के बाद एक करोड़ यात्रियों की क्षमता वाला एयरपोर्ट बन जाएगा।

– पुनीत गुप्ता, एयरपोर्ट डायरेक्टर


POWERLINKS TRANSMISSION LIMITED
(A Joint Venture of TATA Power & Powergrid)

पंजीकृत कार्यालयः पावरलिंक्स ट्रांसमिशन लिमिटेड, 10वीं मंजिल, डीएलएफ टावर ए, जिला केन्द्र जसोला, नई दिल्ली-110025

**सार्वजनिक सूचना**

वित्त वर्ष 2024-29 की नियंत्रण अवधि के लिए प्रस्तावित वार्षिक ट्रांसमिशन शुल्कों के अनुमोदन और वित्त वर्ष 2019-24 के लिए वार्षिक ट्रांसमिशन शुल्कों के ट्रूइंग-अप के लिए केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (कारोबार का संचालन) विनियमावली 2023 के विनियम 23 के खंड (7) के अनुपालन में, पावरलिंक्स ट्रांसमिशन लिमिटेड ("याचिकाकर्ता") की याचिका पर सुझाव/आपत्तियां आमंत्रण सूचना।

1. याचिकाकर्ता ने टाटा हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट से जुड़े, संयुक्त ट्रांसमिशन सिस्टम के लिए, जिसमें निम्न शामिल हैं, के लिए सीईआरसी (टैरिफ की नियम व शर्तें) विनियमावली 2024 के तहत वित्त वर्ष 2024-29 की अवधि के लिए वार्षिक ट्रांसमिशन शुल्कों के अनुमोदन हेतु टैरिफ के निर्धारण के लिए और सीईआरसी (टैरिफ की नियम व शर्तें) विनियमावली 2019 साथ में पठित सीईआरसी (व्यवसाय का संचालन) विनियमावली 2023 के विनियम 23 और विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 79 के तहत वित्त वर्ष 2019-24 के लिए टैरिफ के ट्रूइंग-अप हेतु माननीय केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली (माननीय आयोग) के समक्ष एक याचिका दायर की हैः

(i) पूर्वी क्षेत्र में, 400 केवी डबल सर्किट सिलीगुड़ी-पूर्णिया ट्रांसमिशन लाइन, 400 केवी डबल सर्किट पूर्णिया- मुजफ्फरपुर ट्रांसमिशन लाइन और 220 केवी डबल सर्किट मुजफ्फरपुर (पीजीसीआईएल) - मुजफ्फरपुर (बीएसईबी) ट्रांसमिशन लाइन;

(ii) पूर्वी-उत्तरी अंतर-क्षेत्र में 400 केवी डबल सर्किट मुजफ्फरपुर-गोरखपुर ट्रांसमिशन लाइन; और

(iii) उत्तरी क्षेत्र में 400 केवी डबल सर्किट गोरखपुर-लखनऊ ट्रांसमिशन लाइन और 400 केवी डबल सर्किट बरेली-मंडोला ट्रांसमिशन लाइन

2. ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैंः

(ए) पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(बी) राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड
(सी) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
(डी) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
(ई) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
(एफ) पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड
(जी) हरियाणा पावर परचेज सेंटर
(एच) उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड
(आई) पावर डेवलपमेंट डिपार्टमेंट (जम्मू और कश्मीर)
(जे) दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड,
(के) हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड,
(एल) चंडीगढ़ प्रशासन,
(एम) उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड,
(एन) उत्तरी मध्य रेलवे,
(ओ) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड,
(पी) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड,
(क्यू) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड,
(आर) नई दिल्ली नगरपलिका परिषद,
(एस) बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड
(टी) पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड
(यू) उड़ीसा ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(वी) झारखंड राज्य विद्युत बोर्ड
(डब्ल्यू) दामोदर घाटी निगम
(एक्स) विद्युत विभाग (सिक्किम सरकार)

3. **ट्रांसमिशन लाइन की लंबाई**

क. सिलीगुड़ी-पूर्णिया : 320 सर्किट-किमी
ख. पूर्णिया-मुजफ्फरपुर : 478 सर्किट-किमी
ग. मुजफ्फरपुर-मुजफ्फरपुर : 48 सर्किट-किमी
घ. मुजफ्फरपुर-गोरखपुर : 520 सर्किट-किमी
ङ. गोरखपुर-लखनऊ : 492 सर्किट-किमी
च. बरेली-मंडोला : 472 सर्किट-किमी

4. परियोजना की अनुमोदित संयुक्त पूंजी लागत (इसमें विशेष उपकरण, स्थापना, आकस्मिकताएं और आईडीसी की आबंटित लागत शामिल है): रु. 161178 लाख
पूंजी लागत को मंजूरी देने वाला प्राधिकरणः विद्युत मंत्रालय

5. वाणिज्यिक संचालन की निर्धारित तिथिः 01.07.2006

6. वाणिज्यिक संचालन की वास्तविक तिथिः 01.09.2006

7. वाणिज्यिक संचालन की तिथि पर संयुक्त पूंजी लागतः रु. 140780 लाख

8. टैरिफ का विवरणः

| ट्रांसमिशन सिस्टम का नाम | ट्रूइंग-अप के लिए वर्ष-वार ट्रांसमिशन शुल्क (लाख रुपये में) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| संयुक्त परिसंपत्ति | 15289.55 | 15179.07 | 13887.70 | 13804.80 | 13758.95 |
| | प्रस्तावित वर्ष-वार ट्रांसमिशन शुल्क (लाख रुपये में) | | | | |
| | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
| | 13652.38 | 14226.27 | 15383.48 | 16165.89 | 16333.38 |

9. टैरिफ के निर्धारण के लिए दायर याचिका की एक प्रति, याचिकाकर्ता की वेबसाइट पर इस यूआरएल के साथ पोस्ट की गई है जैसे https://powerlinks.co.in/doc/Petition%20%20Tariff%20for%20FY%202024%20-%2029.pdf

10. याचिका में निहित टैरिफ के निर्धारण हेतु प्रस्ताव पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, लाभार्थी(यों) सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा माननीय आयोग के ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से याचिकाकर्ता को एक प्रति के साथ (ई-मेलः pankaj.prakash@tatapower.com) इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अंदर दायर की जा सकती हैं।।

स्थानः नोएडा
दिनांकः 07.12.2024

श्री अविनाश चंद्र धवन
मुख्य वित्त अधिकारी- पावरलिंक्स ट्रांसमिशन लि.